# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 24 अक्टूबर 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:






Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine

# Rajasthan Current Affairs

by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

**Q. हाल ही में कॉन्डे नास्ट ट्रैवलर यूके के रीडर्स चॉइस अवॉर्ड्स 2025 में भारत का नंबर-1 होटल कौन सा घोषित किया गया है?**

(A) लेक पैलेस उदयपुर
(B) रामबाग पैलेस जयपुर
(C) उम्मेद भवन पैलेस जोधपुर
(D) ओबेरॉय उदयविलास उदयपुर

- *रामबाग पैलेस को राजस्थान में सबसे प्रतिष्ठित और दुनिया के शीर्ष होटलों में से एक माना जाता है। इसे भारत के नंबर 1 होटल के रूप में स्थान दिया गया है और यह कॉन्डे नास्ट ट्रैवलर यूके की वैश्विक सूची में 14वें स्थान पर है।*
- *कॉन्डे नास्ट ट्रैवलर यूके के रीडर्स चॉइस अवॉर्ड्स 2025 में इसे मिला 98.08 स्कोर, वहीं वर्ल्ड लेवल पर 14वां स्थान हासिल कर इसने इतिहास रच दिया।*
- *यह मूल रूप से 1835 में बना था और कभी जयपुर के महाराजाओं का शाही निवास था। आज, यह Taj Hotels द्वारा संचालित एक शाही और शानदार होटल है, जो इतिहास, संस्कृति और विलासिता का अनुभव प्रदान करता है।*

## Yesterday Revision

1. हाल ही में टोंक, राजस्थान में कला पर्व कब आयोजित किया जाएगा?:- 7 से 9 नवम्बर 2025

2. हाल ही में किसे जयपुर का नया पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया गया है?:- सचिन मित्तल

3. राजस्थान में किस माह को राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के रूप में मनाया गया?:- अक्टूबर 2025

4. राजस्थान में 7 से 17 अक्टूबर 2025 तक 28वें लोकरंग महोत्सव का आयोजन कहां किया गया ?:- जयपुर

5. हाल ही में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की चौथी किस्त के रूप में कितने करोड़ रुपए 72 लाख किसानों को ट्रांसफर किए गए?:- 718 करोड़ रुपये

**01. राजस्थान में आदिवासी बहुल बांसवाड़ा जिले के घाटोल क्षेत्र के किस गांव में स्वर्ण अयस्क के संभावित भंडार के संकेत मिले हैं?**

(A) आमेट गांव

(B) दादिया गांव

(C) कांकरिया गांव

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान के आदिवासी बहुल बांसवाड़ा जिले के घाटोल क्षेत्र के कांकरिया गांव में तीसरी सोने की खान के ब्लॉक होने की आधिकारिक पुष्टि हुई है.
- भूवैज्ञानिकों को कांकरिया में लगभग 3 किलोमीटर के विशाल क्षेत्र में स्वर्ण अयस्क के संभावित भंडार के पुख्ता संकेत मिले हैं. जल्द ही माइनिंग लाइसेंस जारी होने के बाद यहां खनन प्रक्रिया शुरू की जाएगी.
- इससे पहले भी बांसवाड़ा के घाटोल में स्थित जगपुरिया और भूकिया में सोने की खानों की पुष्टि हो चुकी है.
- पूरे क्षेत्र में 940.26 हेक्टेयर क्षेत्रफल में 113.52 मिलियन टन (11 करोड़ 35 लाख 20 हज़ार टन) स्वर्ण अयस्क होने का अनुमान है. इसमें सोने की धातु की मात्रा 222.39 टन आंकी गई है

**02. प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत राजस्थान में जिलेवार रैंकिंग में कौनसा जिला प्रथम स्थान पर है**

(A) बारां
(B) जोधपुर
(C) बीकानेर
(D) अलवर

**Important Facts:**

⭕प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत देशभर में अच्छा काम करने पर मिला प्रथम स्थान

⭕ योजना के तहत मासिक लक्ष्य की तुलना में पंजीयन करने के मामले में जिलेवार रैंकिंग - प्रथम – बारां, द्वितीय – चित्तौड़गढ़

⭕बारां जिले में 3 हजार, 292 लाभार्थियों का लक्ष्य तय किया गया, जिसमें 176.15 फीसदी अधिक यानी 5 हजार, 798 लाभार्थियों का पंजीयन ‘ किया गया।

👉 27वां स्थान – जयपुर 👉 सबसे फिसड्डी – जैसलमेर, जालौर

⭕प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना तहत पहली बार गर्भवती हुई महिला को दो किस्तों में 5 हजार रुपए मिलते हैं, जबकि दूसरी बार गर्भवती हुई महिला को बालिका के जन्म व टीकाकरण पूर्ण करने पर 6 हजार रुपए मिलते हैं

03. हाल ही में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा किस जिले की मांडल तहसील के धुवाला गांव में एक नया औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करने की घोषणा की गई है?

(A) भीलवाड़ा

(B) जोधपुर

(C) उदयपुर

(D) इनमें से कोई नही नही

**Important Facts:**

- राजस्थान सरकार ने भीलवाड़ा जिले की मांडल तहसील के धुवाला गांव में एक नया औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करने की घोषणा की है.
- राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम लिमिटेड (रीको) को 82.60 हेक्टेयर भूमि आवंटित करने की मंजूरी दे दी गई है.

धुवाला में प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र आधुनिक बुनियादी ढांचा, बेहतर कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक्स सहायता प्रदान करेगा, जिससे उद्योगों को कुशलतापूर्वक स्थापित और संचालित करने में मदद मिलेगी.

- भूमि आवंटन 'राजस्थान औद्योगिक क्षेत्र आवंटन नियम, 1959' के नियम ए के यहां केवल गैर-प्रदूषणकारी औद्योगिक इकाइयां ही स्थापित की जाएंगी.

**04.बहरीन यूथ एशियन गेम्स में राजस्थान के कितने साइक्लिस्ट हिस्सा लेंगे**

(A) 4 साइक्लिस्ट

(B) 5 साइक्लिस्ट

(C) 3 साइक्लिस्ट

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- बहरीन यूथ एशियन गेम्स में हिस्सा लेंगे राजस्थान के 5 साइक्लिस्ट
- भारत की साइक्लिंग टीम में कुल 8 साइक्लिस्ट (4 महिला + 4 पुरुष) शामिल हैं, जिनमें से 5 खिलाड़ी राजस्थान के हैं।
- राजस्थान के साइक्लिस्ट: ▪आलोक बिश्नोई▪लोकेश चौधरी▪आदित्य जाखड़▪अंजलि जाखड़▪रुक्मणि

तीसरे एशियाई युवा खेल – 2025

▪आयोजन अवधि – 22 से 31 अक्टूबर 2025

▪ आयोजन स्थल – बहरीन

▪ कुल 21 खेलों में भारत के 222 खिलाड़ी भाग लेंगे।

इनमें से 119 महिला खिलाड़ी शामिल हैं।

05. राजस्थान का पहला इलेक्ट्रिक बस मेन्यूफैक्चरिंग प्लांट कहां स्थापित होगा?

(A) कोटपूतली-बहरोड़

(B) जोधपुर

(C) जैसलमेर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- कोटपूतली-बहरोड़ जिले में जल्द ही प्रदेश का पहला ई-बस मेन्यूफैक्चरिंग प्लांट स्थापित होगा
- राज्य सरकार ने नीमराणा तहसील के घिलोठ औद्योगिक क्षेत्र में इलेक्ट्रिक बस मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट हेतु 2 लाख 65 हजार 329 वर्गमीटर (65.56 एकड) भूमि का आवंटन किया है।
- राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में हुए एक एमओयू के तहत निजी क्षेत्र की कंपनी पीएमआई इलेक्ट्रो मॉबिलिटी सॉल्यूशन्स प्रा. लिमिटेड को रीको के माध्यम से यह भूमि आवंटित की गई है।
- इस प्लांट में शुरूआत में लगभग 1200 करोड़ रूपये का निवेश किया जाएगा और ई-बसों के अतिरिक्त यहां बस बॉडी, मोटर, बैटरी, वायर हार्नेस तथा अन्य स्पेयर पार्ट्स का भी निर्माण होगा।

06. हाल ही में अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच और इंडो नेपाल समरसता ऑर्गनाइजेशन की ओर से किसे आयरन लेडी 2025 अवार्ड दिया जाएगा ?

(A) डॉ. अनिता परिहार

(B) डॉ. रूमा देवी

(C) डॉ. प्रियंका शर्मा

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच और इंडो नेपाल समरसता ऑर्गनाइजेशन की ओर से राजस्थान की डॉ. अनिता परिहार को आयरन लेडी 2025 अवार्ड दिया जाएगा।
- डॉ. अनिता परिहार का संबंध राजस्थान के जोधपुर से है
- अखिल भारतीय सर्वधर्म महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. परिहार को 31 अक्टूबर को जयपुर में होने वाले संकल्प दिवस कार्यक्रम में यह अवार्ड देकर सम्मानित किया जाएगा

07. केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के द्वारा राजस्थान के किस रेलवे स्टेशन का नाम बदलने की घोषणा की गई है?

(a) गांधीनगर रेलवे स्टेशन

(b) खातीपुरा रेलवे स्टेशन

(c) उपरोक्त दोनों

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान की राजधानी जयपुर के दो स्टेशनों का नाम बदलने वाला है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के द्वारा गुरुवार को इस बात की जानकारी दी गई। इन दोनों स्टेशनों के नाम के साथ जयपुर शब्द को जोड़ा जाएगा ताकि यात्रियों को आसानी से पहचान मिल सके।
- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि गांधीनगर रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर जयपुर गांधीनगर और खातीपुरा स्टेशन का नाम बदलकर जयपुर खातीपुरा किया
- गुजरात में भी गांधीनगर स्टेशन है जिससे यात्रियों को भ्रम हो जाता है इसलिए इसका नाम बदल जाएगा

08.हाल ही में राजस्थान सरकार द्वारा कितने करोड़ रुपए की लागत की माही-जवाई इंटरलिंक परियोजना को मंजूरी प्रदान की गई है?

(A) 7000 करोड़ रूपए

(B) 5000 करोड़ रूपए

(C) 10000 करोड़ रूपए

(D) इनमें से कोई नही

GK SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

- राजस्थान में जवाई बांध में पानी की कमी को दूर करने के लिए माही बांध से पेयजल आपूर्ति की जाएगी।
- राजस्थान सरकार द्वारा इसके लिए माही – जवाई इंटरलिंक परियोजना को मंजूरी दी गई।
- कुल लागत – 7000 करोड़
- इस परियोजना से सिरोही, पाली, जोधपुर व बाड़मेर जिलों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी।
- 16000 हेक्टेयर में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी।
- परियोजना हेतु डीपीआर बनाने के लिए हाल ही में राज्य सरकार ने 15.60 करोड़ की मंजूरी दी।

**09.भारत को हाल ही में किस संगठन के COP10 के ब्यूरो का उप-अध्यक्ष (Vice-Chairperson) दोबारा चुना गया है?**

(A) अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC)

(B) अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन अगेंस्ट डोपिंग इन स्पोर्ट

(C) वर्ल्ड एंटी डोपिंग एजेंसी (WADA)

(D) संयुक्त राष्ट्र खेल आयोग

**Important Facts:**

- भारत को इंटरनेशनल कन्वेंशन अगेंस्ट डोपिंग इन स्पोर्ट (COP10) के ब्यूरो का उप-अध्यक्ष (Vice-Chairperson) दोबारा चुना गया है, जिससे यह उसके विश्वस्तरीय प्रतिबद्धता को दोबारा पुष्ट करता है कि
- वह साफ-सुथरे खेल और नैतिक एथलेटिक प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।
- COP10 का 10वां सत्र 20–22 अक्टूबर 2025 को यूनेस्को मुख्यालय, पेरिस में आयोजित किया गया।

**10. न्यूजीलैंड में भारतीय उच्चायुक्त नीता भूषण द्वारा वेलिंगटन में किसे पहला ई-पासपोर्ट सौंपा गया है?**

(A) जेसी विल्सन

(B) विंसी जोस

(C) अंसी जोस

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- भारत का पहला ई पासपोर्ट
- न्यूजीलैंड में भारतीय उच्चायुक्त नीता भूषण ने वेलिंगटन में अंसी जोस को पहला ई-पासपोर्ट सौंपा।
- यह एक उन्नत पासपोर्ट है जिसमें एक आरएफआईडी (RFID) चिप होती है, जिसमें आपकी व्यक्तिगत और बायोमेट्रिक जानकारी (जैसे उंगलियों के निशान) सुरक्षित रहती है।
- विदेश मंत्रालय द्वारा ई पासपोर्ट सेवा की शुरुआत 1 अप्रैल 2024 को जयपुर सहित देश के 13 शहरों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में की गई।

**Today, Quiz:**

**Q.राजस्थान में 7 से 17 अक्टूबर 2025 तक 28वें लोकरंग महोत्सव का आयोजन कहां किया गया ?**

(A) जयपुर

(B) जोधपुर

(C) अजमेर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆

💠क्या मिलेगा? 👇👇👇👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

🔲 अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine